आयोजन | होमसाइंस महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन

# रंग-बिरंगी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा



साड़ी ड्रेपिंग में तैयार छात्राएं एवं बारीक डिजाइन से हाथों में लगी मेंहदी



रंगोली प्रतियोगिता के दौरान आकर्षक रंगोली बनाती छात्रा

**नवभारत, जबलपुर।** सुबह से ही महाविद्यालय परिसर में छात्राओं की चहल-पहल देखने लायक थी। कहीं मेंहदी के बारीक डिज़ाइन उभर रहे थे तो कहीं रंगोली और अल्पना के रंग जमीन पर भावनाएं बिखेर रहे थे। नेल आर्ट, केश सज्जा, साड़ी ड्रेपिंग, गिफ्ट रैपिंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी प्रतियोगिताओं में छात्राएं पूरे मनोयोग से जुटी रहीं। मौका था शासकीय मो.ह. गृह एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन का। महाविद्यालय परिसर में हर ओर रंग, मुस्कान और रचनात्मक ऊर्जा बिखरी हुई थी। सम्मलेन प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। स्नेह सम्मेलन की प्रभारी डॉ. साधना केशरवानी के नेतृत्व में कार्यक्रम को सुसंगठित रूप दिया गया।

### प्राध्यापकों ने किया प्रतियोगिताओं का संचालन

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आभा तिवारी, डॉ. विनीता नंदा, डॉ. सुदीप्ता सान्याल, डॉ. अनीता कौशल, डॉ. वेदप्रकाश नारंग सहित समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकगण की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। बाल विकास, गणित, वस्त्र एवं तंतु, भौतिक शास्त्र और भाषा विभाग के प्राध्यापकों द्वारा प्रतियोगिताओं का संचालन किया गया।

### इन छात्राओं ने जीती प्रतियोगिताएं


प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा के साथ ही विजेता छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। मेंहदी प्रतियोगिता में निशांत अंजुम, नेल आर्ट में सुलोचना चक्रवर्ती, रंगोली में यशिका सोनी, अल्पना में अमीषा मेहरा, केश सज्जा एवं साड़ी ड्रेपिंग में सृष्टि मित्रा, गिफ्ट रैपिंग में आस्था पांडे तथा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में सृष्टि अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच विजेताओं को बधाइयां दी गईं।

### विजेता छात्राओं ने खुशी साझा कर बताए अनुभव

प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं ने खुशी जाहिर करते हुए अपने अनुभव नवभारत को बताए। जिसमें मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली निशांत अंजुम ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमें अपनी कला को निखारने का अवसर मिलता है। मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाकर मुझे बहुत आत्मविश्वास मिला। रंगोली प्रतियोगिता की विजेता यशिका सोनी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'रंगों के माध्यम से भावनाओं को व्यक्त करना मुझे हमेशा पसंद है। स्नेह सम्मेलन ने हमें रचनात्मक अभिव्यक्ति का सुंदर मंच दिया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम रहीं सृष्टि अग्रवाल ने कहा, बेकार वस्तुओं से उपयोगी चीजें बनाना पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। इस प्रतियोगिता ने हमें सोचने का नया नजरिया दिया। गिफ्ट रैपिंग प्रतियोगिता की विजेता आस्था पांडे ने कहा, इस तरह की गतिविधियां पढ़ाई के साथ-साथ हमारे व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होती हैं। पूरे आयोजन का अनुभव अविस्मरणीय रहा।

# आज संस्कारधानी फिर होगी राममय

**अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का दूसरा वर्ष, जगह-जगह होंगे विविध आयोजन**



**नवभारत, जबलपुर।** 22 जनवरी को अयोध्या में बने भगवान श्री राम चंद्र जी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आज दो वर्ष पूरे हो रहे हैं। जिसको लेकर फिर एक बार संस्कारधानी राम मय होगी। शहर में विविध आयोजन और अनुष्ठान शुरू हो चुके हैं। जिसकी तैयारी को लेकर जगह-जगह राम कथाएं और विभिन्न अनुष्ठान शुरू हो चुके हैं। वहीं दूसरी ओर इस अनुष्ठान के लिए सभी जगह पूर्ण रूप से तैयारी हो चुकी है तो कुछ जगह पर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी के साथ-साथ शहर की विभिन्न संगठनों, समितियों और मंदिरों में पहले से ही विविध रूप से आयोजन किए जा रहे हैं और कुछ जगहों पर आयोजन की तैयारी हो रही हैं।

### जलेंगे दीप, होगी आतिशबाजी


आज 22 जनवरी को फिर से दीवाली मनाई जायेगी। जिसको लेकर शहर के पटाखा बाजार में रौनक देखी जा रही है। जिसमें लोग दीवाली के स्वरुप में जोरदार आतिशबाजी करने के लिए फिर तैयार हैं और पूरे शहर में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर हर तरफ पटाखे फोड़े जायेंगे और दीप भी जलाएं जायेंगे।

### हनुमान मंदिर में आज होंगे विविध धार्मिक कार्यक्रम



टेलीग्राफ गेट नंबर 2 रानीताल चौक स्थित स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में महिला भगवा वाहन रैली भी दोपहर 1 बजे से निकाली जाएगी। साथ ही मंदिर में श्रीराम जानकी की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। मंदिर पुजारी व व्यवस्थापक पंडित पवन दुबे ने बताया कि श्री राम प्राण प्रतिष्ठा स्थापना महाउत्सव के दिन गुरुवार दोपहर 2 बजे से पूजन अर्चन शुरू होगा। महाआरती के बाद धार्मिक आयोजनों का क्रम रात तक चलेगा फिर इसके बाद भक्तिमय-संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मां भुवनेश्वरी है सृष्टि की अधिष्ठात्री देवी



**जबलपुर, नवभारत।** माघ मास की गुप्त नवरात्रि में चौथे दिन आज मां भुवनेश्वरी की पूजा की जाती है, जिन्हें आदिशक्ति का एक रूप माना जाता है। मां भुवनेश्वरी को जगत की अधिष्ठात्री देवी और संपूर्ण सृष्टि की रचनाकार माना जाता है। इन्हें शक्ति, ऐश्वर्य, सौंदर्य और ज्ञान की देवी के रूप में पूजा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जब संसार में असुरों का अत्याचार बढ़ने लगा था, तब देवी-देवताओं ने भगवान शिव से सहायता मांगी। तब मां भुवनेश्वरी का प्राकट्य हुआ और उन्होंने भगवान शिव के साथ मिलकर दानवों का नाश किया। पुराणों के अनुसार, भुवनेश्वरी लौकिक महासागर और दस महाविद्याओं में से एक हैं। मां दुर्गा ने भुवनेश्वरी का अवतार लेकर असुरों का वध करने और संसार में संतुलन स्थापित करने का कार्य किया। उनकी उपासना से भक्तों को आध्यात्मिक बल प्राप्त होता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

## एक नजर में



### श्री राधा कृष्ण शिव लीला मंदिर में मनाया स्थापना दिवस

**नवभारत, जबलपुर।** खमरिया थाना के पीछे स्थित अनमोल रेजिडेंसी घाना में श्री राधा कृष्ण शिव लीला मंदिर की चौथी स्थापना वर्षगांठ श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में श्री सत्य सनातन मानस मंडल की भजन मंडली तथा महिलाओं की भजन मंडली द्वारा भजन एवं नृत्य प्रस्तुत कर स्थापना दिवस की खुशियाँ मनाई गई। कार्यक्रम में अखिल भारतवर्ष यादव महासभा के जबलपुर ग्रामीण अध्यक्ष मनोज यादव, जबलपुर कांग्रेस सेवा दल प्रवक्ता जितेंद्र यादव, मनीष पटेल, अशोक यादव, शिवकुमार चौबे, विनोद कुमार मिश्रा, अनिल कुमार सोलंकी, मनोहर सराठे, अमर बहादुर थापा, राकेश सेन, सत्येंद्र नेगी, जगदीश प्रसाद, गणेश राव, ओम झरिया, गुड्डू, राजू, हरिओम राणा, शैलेंद्र सिंह, गोविंद मेहरा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज यादव एवं समस्त पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।



### भंवरताल में हल्दी कुमकुम का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** भंवर ताल गार्डन में भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा की महिला विंग द्वारा हल्दी कुमकुम एवं पद वितरण का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा दिनेश साहू और महिला मध्य प्रदेश अध्यक्ष रेखा महेंद्र साहू के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय महामंत्री वर्षा साहू द्वारा पद वितरण किया गया। महिला जिला अध्यक्ष पद पर संगीता साहू, उपाध्यक्ष पूजा साहू, सचिव अलका साहू, उपसचिव सरिता साहू कुंडम, संगठन मंत्री सुषमा साहू, प्रचार मंत्री राधा साहू, रश्मि साहू, मीडिया प्रभारी नीलम साहू, कार्यकारिणी सदस्य चेतना, सपना, नीतू साहू को पौधा देकर पद पर पदस्थ किया। संरक्षक मंजूषा साहू के मार्गदर्शन में हल्दी कुमकुम में सभी महिलाओं ने भाग लिया और अंत में सीता साहू द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागी महिलाओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सराहनीय कार्य करने वालों को पुररूस्कृत किया गया।



### विद्यार्थियों और स्टाफ को दी यातायात नियमों की जानकारी

**नवभारत, जबलपुर।** कैंटोनमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, कटंगा, गोरखपुर में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत लगभग 350 छात्र-छात्राओं और स्टाफ को यातायात संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण उप पुलिस अधीक्षक यातायात गढ़ा बैजनाथ प्रजापति एवं सूबेदार वीरेंद्र आरख ने दिया। कार्यक्रम में आरक्षक नितिन यादव और आरक्षक अवध पटेल भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को नशे में वाहन न चलाने, ओवरलोडिंग न करने, सुरक्षित ओवरटेक, मोड़ते समय इंडिकेटर का उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल न उपयोग करने, टू-व्हीलर में हेलमेट और फोर-व्हीलर में सीट बेल्ट पहनने जैसी सावधानियों के साथ शासन की राहवीर योजना और कैशलेस योजना की मेडिकल सुविधाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्रों के लिए यातायात ज्ञान पर प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को बैग और राइटिंग पैड देकर पुरस्कृत किया गया।

### अंशुली सिंह को पीएचडी

**नवभारत, जबलपुर।** अंशुली सिंह ने माइक्रोबायोलॉजी विषय में पीएच.डी. (डॉक्टरेट) की उपाधि सफलतापूर्वक पूर्ण की है। उन्होंने यह शोध कार्य एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह (मध्य प्रदेश) के बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज विभाग में प्रो. डॉ. पवन कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं डॉ. मनीष अग्रवाल के सह-मार्गदर्शन में पूर्ण किया। इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। आप मंजू तिवारी एवं परमानंद तिवारी की पुत्री एवं शैलेंद्र सिंह डिब्लेयर की पत्नी है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 350 से अधिक मरीज लाभान्वित

**नवभारत, जबलपुर।** दीनदयाल चौक स्थित स्वस्तिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर में 350 से अधिक मरीजों ने लाभ लिया। शिविर के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री रविकरण साहू रहे, जिनका स्वागत हॉस्पिटल निदेशक अशोक साहू एवं के.के. साहू ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। शिविर में हृदय, किडनी, मस्तिष्क, छाती, स्त्री रोग, बाल रोग, नेत्र एवं हड्डी रोग विशेषज्ञों ने सेवाएं दीं। हॉस्पिटल प्रबंधन ने शिविर में पंजीकृत मरीजों को आगामी 6 माह तक नि:शुल्क विशेषज्ञ परामर्श देने की घोषणा की।



## नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

**नवभारत, जबलपुर।** स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रीशन (एसएचआईएम) जबलपुर द्वारा पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत टूरिस्ट अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में संस्कारधानी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य, स्टाफ, विद्यार्थियों एवं पर्यटकों ने सहभागिता की। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया और पर्यटन स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए नागरिकों एवं पर्यटकों से सहयोग की अपील की गई।

# सेना दिवस पर संस्कारधानी का बढ़ा गौरव

**जम्मू-कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर को मिला चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ यूनिट प्रशंसा से सम्मानित**



**नवभारत, जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के अंतर्गत जबलपुर स्थित जम्मू और कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर को 15 जनवरी 2026 को 78वें सेना दिवस के अवसर पर प्रतिष्ठित चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ यूनिट प्रशंसा से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय सेना के थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा उत्कृष्ट प्रशिक्षण, संचालन तैयारियों और राष्ट्र-निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार ब्रिगेडियर राकेश शर्मा, कमांडेंट, तथा सेंटर सुबेदार मेजर पंकज शर्मा ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन के सप्त शक्ति ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में प्राप्त किया। समारोह में सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की उपस्थिति रही। इस उपलब्धि से संस्कारधानी जबलपुर सहित पूरे मध्य प्रदेश में हर्ष का माहौल है।

### इससे पहले भी दर्ज की उपलब्धियाँ

दो शताब्दियों से अधिक पुरानी विरासत वाली जम्मू और कश्मीर राइफल्स भारतीय सेना की सबसे सजी हुई रेजिमेंटों में से एक है। रेजिमेंटल सेंटर ने इससे पहले भी उपलब्धियाँ दर्ज की हैं—2024 में सर्वश्रेष्ठ इन्फैंट्री रेजिमेंटल सेंटर का सम्मान और 2025 गणतंत्र दिवस परेड में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ता।

# भागदौड़ भरे जीवन में मन का बोझ छीन रहा मुस्कान : प्रमाण सागर

**डी.एन. जैन महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय प्रवचनमाला**



**नवभारत, जबलपुर।** भावनायोग प्रणेता मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने डी.एन. जैन महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय प्रवचनमाला के अंतिम दिवस कहा कि आज मनुष्य के पास धन-संपत्ति और सुविधाएं तो बढ़ी हैं, लेकिन मन की प्रसन्नता और चेहरे की मुस्कान लुप्त हो गई है। यह थकान काम की नहीं, बल्कि मन के बोझ की है। मुनि श्री ने कहा कि जो व्यक्ति कर्म सिद्धांत में विश्वास रखता है, वह बुराई में भी अच्छाई देख लेता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीवन में सुख-दु:ख, लाभ-हानि और मान-अपमान आते रहते हैं, लेकिन अच्छे-बुरे में स्थिरता, सुख-दु:ख में समता, लाभ-हानि में संतोष और मान-अपमान में सहजता—यही जीवन के मूल तत्व हैं। इन्हें अपनाने वाला व्यक्ति हर परिस्थिति में मुस्करा सकता है। उन्होंने कहा कि 'जो मुझे मिले वह मेरे मन को भाए—यह मेरे हाथ में नहीं, लेकिन जो मिला है उसे मन से स्वीकार करना मेरे हाथ में है।

### कल होगा कीर्ति स्तंभ का शिलान्यास

मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं सुबोध कामरेड ने बताया कि 22 जनवरी (गुरुवार) को मुनिसंघ प्रात: 7:15 बजे जिनालय वंदना हेतु डी.एन. जैन महाविद्यालय से प्रस्थान करेगा। 23 जनवरी को आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के संयम कीर्ति स्तंभ का शिलान्यास होगा।

## केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा का आगमन आज

**नवभारत, जबलपुर।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का तीन दिवसीय प्रवास पर आज जबलपुर आगमन होगा। श्री नड्डा गुरूवार की शाम 5 बजे नई दिल्ली से वायुयान द्वारा जबलपुर आयेंगे। केन्द्रीय मंत्री डुमना एयरपोर्ट से शाम 5.30 बजे लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के साउथ सिविल लाईन स्थित निवास पहुंचेंगे और यहां से शाम 6.30 बजे मदन महल थाना के समीप स्थित सांसद आशीष दुबे के कार्यालय के लिए रवाना होंगे। आप सिविल लाईन पचपेढ़ी स्थित पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी के निवास पर रात्रि विश्राम करेंगे। केन्द्रीय मंत्री शुक्रवार को सुबह 10.50 बजे सिटी बंगाली क्लब पहुंचेंगे तथा यहां सिद्धी वाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल होंगे। श्री नड्डा दोपहर 12.30 बजे सिटी बंगाली क्लब से डुमना एयरपोर्ट प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 1 बजे डुमना एयपोर्ट से हेलीकॉप्टर द्वारा कटनी रवाना होंगे। कटनी में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद केन्द्रीय मंत्री का शाम 4.50 बजे डुमना एयरपोर्ट आगमन होगा। वे डुमना एयरपोर्ट से शाम 5.45 बजे गौरीघाट पहुंचेंगे तथा यहां नर्मदा महाआरती में शामिल होंगे। श्री नड्डा रात्रि विश्राम के बाद शनिवार को दोपहर 1.10 बजे डुमना एयरपोर्ट प्रस्थान करेंगे और दोपहर 2 बजे विमान द्वारा नई दिल्ली रवाना होंगे।



### प्रेस्टीज हुंडई में न्यू प्राइम कार लांच

**नवभारत, जबलपुर।** बुधवार को प्रेस्टीज हुंडई शेरूम मे टैक्सी वाहनों की लॉचिंग और टैक्सी पार्टनरशिप डे का आयोजन किया गया जिसमें शहर के सभी टैक्सी संचालक शामिल हुए। इस अवसर पर प्रेस्टीज हुंडई के डायरेक्टर अनुराग वाधवा, तन्मय शेलत्, अनुष्क वाधवा, हुंडई टीएसएम प्रभात शुक्ला, ग्रुप जनरल मैनेजर संजय शुक्ला ने टैक्सी वाहनों की जानकारी दी। इन्होनें बताया कि निऑस और ऑरा प्राइम वाहन आकर्षक प्राइज 6 लाख 39 हजार 900 से स्टार्ट है और साथ ही यह कार टैक्सी के सभी मापदउंड से परिपूर्ण है। ये सभी गाड़ियां शोरूम में टैस्ट ड्राइव के लिए उपलब्ध हैं। अब हमारे शहर में 4 से 5 सीएनजी स्टेशन भी उपलब्ध हैं।

### ऑल ब्रीड ओपन डॉग शो कल

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के दिशा-निर्देशन एवं डॉ. राजेश कुमार शर्मा, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के मार्गदर्शन में 13वीं ऑल ब्रीड ओपन डॉग शो एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन कल 23 जनवरी को होने जा रहा है। कार्यक्रम पशु चिकित्सा महाविद्यालय परिसर मैदान, जबलपुर में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा।

## सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन का शताब्दी समारोह 23 को




**नवभारत, जबलपुर।** सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन सिटी बंगाली क्लब का शताब्दी समारोह 23 जनवरी सुबह साढे दस बजे से सिटी बंगाली क्लब में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, अध्यक्ष के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी मौजूद रहेंगे। सिटी बंगाली क्लब एसोसिएशन के अध्यक्ष सुब्रत पॉल, सचिव प्रकाश साहा ने बताया कि आयोजन के दौरान नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण शताब्दी स्तंभ का लोकार्पण, संस्था के संस्थापकों और पूर्वजों की फोटो गैलरी का शुभारंभ, समाज की गौरव पूर्ण मंत्री जयश्री बैनर्जी का शताब्दी सम्मान, शताब्दी स्मारिका का विमोचन, अतिथियों का बंगला रीतिरिवाज से सम्मान किया जाएगा। 23 जनवरी की शाम 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पत्रकार वार्ता | कांग्रेस पार्षद दल ने किया ऐलान, धारा 30 की बैठक आयोजित नहीं होने से पनप रहा आक्रोश

# चौराहों में समानांतर सदन लगाकर जनता के बीच जाएगी कांग्रेस : नेता प्रतिपक्ष




**नवभारत, जबलपुर।** पिछले डेढ़ साल से आधा दर्जन से ज्यादा धारा 30 की बैठकें को लेकर मांग पत्र दिए जा चुके हैं लेकिन आज तक नजीता शून्य ही रहा है। वर्तमान की स्थिति में दूषित पेयजल को लेकर जनता भयभीत है और शहर के मुखिया महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू स्वयं की पीठ थपथपाने में व्यस्त हैं। विगत दिनों इंदौर के भागीरथपुरा की घटना के बाद कांग्रेस ने धारा 30 की बैठक को लेकर मांग पत्र सौंपा था लेकिन आज दिनांक तक कोई जवाब नहीं दिया गया है।

कांग्रेस ने तय किया है कि अपनी बात रखने के लिए आंदोलन व प्रदर्शन तो जारी रहेगा और आगामी दिनों में शहर के सभी मुख्य चौराहों पर समानांतर सदन लगाकर जनता बीच नगर के भाजपा सरकार की नाकामियों की पोल खोली जाएगी ये सारी बातें नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने बुधवार को पत्रकारवार्ता आयोजित कर दी। इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि सत्ता पक्ष और महापौर द्वारा विपक्ष की आवाज को लगातार दबाने का कार्य किया जा रहा है जबकि जनहित के ज्वलंत मुद्दों को लेकर धारा 30 की बैठक आयोजित होना बहुत जरूरी है। कांग्रेसियों के अनुसार महापौर धारा 30 की बैठक इसलिए आहुत नहीं कर रहे हैं क्योंकि वे जनहित के ज्वलंत मुद्दों पर जनता के सवालों के जवाब देना नहीं चाहते हैं।

### महापौर के दावों की खुली पोल

कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि नगर निगम पाईप लाईन के रख-रखाव पर सालाना करीब 10-15 करोड़ रूपये खर्च कर रहा है। जिसमें पाईप लाइनों की मरम्मत एवं लीकेज सहित अन्य कार्य शामिल है परन्तु पाईप लाइनों की दुर्दशा में सुधार नहीं हो रहा है। इसके साथ ही नर्मदा जी में गंदे नालों का पानी मिल रहा है और महापौर के झूठे वादों की पोल खुल चुकी है।



### रामपुर गौरीघाट रोड की सूरत संवारने रात में निकले निगमायुक्त

**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने रामपुर से गौरीघाट तक चल रहे सड़क रिस्टोरेशन कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कार्य की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों और संबंधित ठेकेदारों को दो-टूक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के इन कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त ने रात भर शिफ्ट में काम चलाकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रीय नागरिकों और राहगीरों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। टीम के साथ बारीकी से परखा काम निरीक्षण के समय निगमायुक्त के साथ निगम की पूरी तकनीकी टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने प्रोजेक्ट के हर तकनीकी पहलू और उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। इस अवसर पर मुख्य रूप से अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेई, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री राजेश खंपरिया, अंकुर नाग एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।